श्री मो० सरवर आलम (55) (कोचाधामन), माननीय स०वि०स० के द्वारा पूछे जाने वाले तारांकित प्रश्न संख्या– 18/02/2733 का उत्तर–सामग्री।

क्र०	प्रश्न	उत्तर
1.	क्या मंत्री, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:– क्या यह बात सही है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखंड में एम०एस०डी०पी० योजनान्तर्गत सरकार द्वारा अलता कमलपुर, सोन्या सहित पांच छात्रावास का निर्माण 04 वर्ष पूर्व कराया गया है लेकिन अभी तक विभाग को स्थानांतरित नहीं करने के कारण सभी छात्रावास संचालित नहीं है जिस कारण अल्पसंख्यक वर्ग के छात्रों को कठिनाई होती है;	आंशिक स्वीकारात्मक। वस्तुस्थिति यह है कि किशनगंज जिलान्तर्गत कोचाधामन प्रखण्ड में एम०एस०डी०पी० योजनान्तर्गत उल्लेखित 05 (पाँच) छात्रावास का निर्माण कार्य पूर्ण होने के पश्चात् एम०एस०डी०पी० के मार्गदर्शिका के आलोक में संबंधित संस्थानों को छात्रावास का हस्तानांतरण हो चुका है।
2.	यदि उपर्युक्त खंड का उत्तर स्वीकारात्मक है तो सरकार कबतक उक्त सभी छात्रावास विभाग को हैण्ड ओवर कर सुचारू ढंग से संचालित कराने का विचार रखती है, नहीं तो क्यों?	एम०एस०डी०पी० के मार्गदर्शिका के कंडिका 2.3.3 के आलोक में हस्तानांतरित छात्रावासों का संचालन संबंधित संस्थानों/संबंधित विभाग के द्वारा किया जाना है। परंतु अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को सूचना प्राप्त हुयी है कि उक्त छात्रावासों का संचालन संबंधित संस्थानों /संबंधित विभाग द्वारा नहीं किया जा रहा है। यदि संबंधित विद्यालय प्रबंधन समिति अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को छात्रावास हस्तांतरित कर देती है तो, विभाग द्वारा उसे मार्गनिर्देशिका के आलोक में संचालित किया जा सकता है।

बिहार सरकार

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग

ज्ञापांकः– अ.सं.क.–08–क–PMJVK–18/2026 844 / पटना, दिनांकः– 20/02/26

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार विधान सभा सचिवालय, पटना को उनके तारांकित प्रश्न सं०– 18/02/2733 के प्रसंग में पाँच अतिरिक्त प्रतियों के साथ सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सरकार के अपर सचिव